# Rise Education ®

Hindi Medium

18 Jan 2026

Follow us on



Ashish Namdev
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS

## GK BOOSTER

CAT | MAT | CLAT | SSC

BANK | RAILWAY | VYAPAM | CDS


Save this Number
7415334338
For Daily Current Affairs /PDF Notes/Job Notifications

Address : C-145, Sec 01, Behind City Center Mall, Near Axis Juice, Devendra Nagar, Raipur - 492004

Contact : 7415334338, 9165040534

## 18 जनवरी से संबंधित करेंट अफेयर्स

- रूस ने बेलारूस में परमाणु क्षमता से लैस ओरेश्विक मिसाइल प्रणाली तैनात कर दी हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि तैनाती के उपलक्ष्य में एक संक्षिप्त समारोह आयोजित किया गया। मंत्रालय ने विस्तृत जानकारी दिए बिना यह बात कही। ओरेश्विक एक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल हैं। यह 500 से 5500 किलोमीटर की दूरी तय कर सकती हैं। इसकी अधिकतम गति मैक 10 तक हो सकती हैं। दिसंबर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने घोषणा की थी कि ओरेश्विक जल्द ही युद्ध सेवा में शामिल की जाएगी।
- भारतीय वैज्ञानिकों ने 3डी प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग करके स्वदेशी रूप से निर्मित स्वचालित मौसम स्टेशन विकसित किए हैं। यह पहल सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन मानसून का हिस्सा है, जो भारत की मौसम निगरानी और पूर्वानुमान क्षमताओं को बहेतर बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया 2000 करोड का कार्यक्रम हैं। इन अगली पीढ़ी के मौसम स्टेशनों का पहला बैच फरवरी से दिल्ली में स्थापित किया जाना निर्धारित हैं। यह परियोजा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान पुणे द्वारा संचालित की जा रही है।
- भारत का पहला स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत भारतीय तटरक्षक बल में शामिल हुआ। यह पोत गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा भारत के पोत निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत निर्मित किया गया हैं। 60% से अधिक स्वदेशी घटकों से युक्त समुद्र प्रताप को भारतीय तटरक्षक बल के बेडे में सबसे बड़े पोत के रूप में शामिल किया गया हैं। यह पोत जीएसएल द्वारा निर्मित किए जा रहे दो प्रदूषण नियंत्रण पोतो में से पहला हैं। इस पोत से भारत की समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया, अग्निशमन, समुद्री सुरक्षा ओर पर्यावरण संरक्षण क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।
- पीएम कुसुम योजना कृषि में सौर ऊर्जा को अपनाने को बढ़ावा दे रही है ताकि किसानों की आय बढ़ाई जा सके और स्थायी खेती के तरीकों को समर्थन दिया जा सके। राज्यसभा में दी गई जानकारी के अनुसार पूरे भारत में 20 लाख से अधिक किसानों को इस योजना से लाभ हुआ हैं। घटक A के तहत किसान सौर संयंत्रों के लिए अपनी जमीन पट्टे पर दे सकते हैं। ओर सालाना प्रति हेक्टेयर 80,000 तक कमा सकते है। घटक B डीजल सिंचाई पंपों को सौर ऊर्जा से चलने वाले पंपों से बदलने का समर्थन करता हैं।
- भारत ओर एशियाई विकास बैंक के बीच 22 लाख डॉलर से अधिक के ऋण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। वित मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के मार्गदर्शन में इन समझौतो को अंतिम रूप दिया गया। ये ऋण कई राज्यों में फैली पांच प्रमुख विकास परियोजनाओं के समर्थन के लिए हस्ताक्षरित किए गए हैं। कौशल विकास, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा, शहरी परिवहन ओर सतत आजीविका के लिए धन आवंटित किया गया हैं। कौशल विकास कार्यक्रम के तहत 12 राज्यों में फैले 650 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का आधुनिकीकरण किया जाएगा और पांच राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों को उत्कृष्टता केंद्रो में उन्नत किया जाएगा।
- क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए एक नया लोगो लॉन्च किया गया है, जो एक एकीकृत ब्रांड पहचान को दर्शाता हैं। एक राज्य एक आरआरबी के सिद्धांत पर आधारित वित मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग ने 11 राज्यों/केंद्र शातिस प्रदेशों में स्थित 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय कर दिया है, जो 1 मई 2025 से प्रभावी हैं। यह सुधार अधिक मजबूत और कुशल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के निर्माण की दिशा में एक निर्णायक कदम हैं।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली में 41 साहित्यिक कृतियों का विमोचन किया। ये कृतियां शास्त्रीय भाषाओं के उत्कृष्टता केंद्रो द्वारा विकसित की गई हैं। इन साहित्यिक कृतियों का निर्माण केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान के अंतर्गत किया गया हैं। इस कार्यक्रम के दौरान 13 अतिरिक्त पुस्तके भी विमोचित की गई। तिरूक्कुरल की 45 एपिसोड की सांकेतिक भाषा व्याख्या श्रृंखला का भी विमोचन किया गया। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह पहल शास्त्रीय भाषा अध्ययन के प्रति निरंतर समर्थन दर्शाती है।

- भारत ओर एशियाई विकास बैंक के बीच 22 लाख डॉलर से अधिक के ऋण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। वित मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के मार्गदर्शन में इन समझौतो को अंतिम रूप दिया गया। ये ऋण कई राज्यों में फैली पांच प्रमुख विकास परियोजनाओं के समर्थन के लिए हस्ताक्षरित किए गए हैं। कौशल विकास, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा, शहरी परिवहन ओर सतत आजीविका के लिए धन आवंटित किया गया हैं। कौशल विकास कार्यक्रम के तहत 12 राज्यों में फैले 650 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का आधुनिकीकरण किया जाएगा और पांच राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों को उत्कृष्टता केंद्रो में उन्नत किया जाएगा।

# Rise Education®

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. हाल ही में भारत ऊर्जा सप्ताह 2026 का आयोजन किस राज्य में 27 से 30 जनवरी तक किया जाएगा ?**

(A) गोवा (B) नई दिल्ली
(C) राजस्थान (D) उत्तर प्रदेश

**(A)** भारत ऊर्जा सप्ताह 2026 में वैश्विक मंत्री सीईओ, नीति निर्माता, वितीय संस्थान, शिक्षाविद और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के नेता एक साथ आएंगे। वे ऊर्जा सुरक्षा, निवेश और कार्बन उत्सर्जन कम करने जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। भारत ऊर्जा सप्ताह का आयोजन पेट्रोलियम ओर प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन किया जाता हैं। भारत ऊर्जा सप्ताह की संयुक्त मेजबानी फेडरेशन ऑफ इंडियन पेट्रोलियम इंडस्ट्री ओर डीएमजी इवेंट्स कर रहे है।




**2. हाल ही में किस राज्य सरकार ने स्कूलो में अखबार पढ़ना अनिवार्य किया है ?**

(A) झारखंड (B) पश्चिम बंगाल
(C) केरल (D) राजस्थान

**(D)** हाल ही में राजस्थान राज्य सरकार ने प्रदेश के शिक्षा जगत में एक क्रांतिकारी कदम उठाते हुए सरकारी और निजी स्कूलों की सुबह की असेंबली में अखबार पढ़ना जरूरी कर दिया हैं। शिक्षा विभाग के इस नए आदेश का मुख्य उद्देश्य छात्रो को रटंत विद्या से दूर ले जाकर उन्हें दुनिया भर के करंट अफेयर्स से जोड़ना है।




**3. हाल ही में कौन भारतीय क्रिकेट टीम का ऑफिसियल कलकर पार्टनर बना है ?**

(A) बर्जर (B) एशियन पेंट्स
(C) बिरला ओपस (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में एशियन पेंट्स जो भारत की प्रमुख पेंट और डेकोर ब्रांड है उन्होंने बीसीसीआई के साथ बड़े स्तर की डील साइन की हैं। एशियन पेंट्स अब अगले तीन साल तक बोर्ड के लिए ऑफिशियल कलर पार्टनर के रूप में काम करेगी। इस डील में खेले जाने वाले सभी मेंस, वूमेंस ओर घरेलू क्रिकेट के 110 से अधिक मुकाबले शामिल होंगे।




**4. हाल ही में ADB द्वारा किस राज्य की ग्रामीण ओर जलवायु सुरक्षित सड़कों हेतु $400M की स्वीकृत दी गई है ?**

(A) बिहार (B) हरियाणा
(C) केरल (D) महाराष्ट्र

**(D)** हाल ही में एशियाई विकास बैंक ने महाराष्ट्र राज्य के सड़क नेटवर्क विशेष रूप से ग्रामीण और जलवायु लचीली सड़कों को उन्नत करने के लिए 400 मिलियन डॉलर के ऋण कार्यक्रम को मंजूरी दी हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य महाराष्ट्र के 34 जिलो में विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशली ओर आर्थिक रूप से पिछड़े मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्रो में सभी मोसम के अनुकूल सुरक्षित ओर समावेशी सड़क संपर्क में सुधार करना हैं।




**5. हाल ही में IMF ने वित वर्ष 2025-2026 के लिए जीडीपी वृद्धि दर कितने प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है ?**

(A) 5.5% (B) 6.6%
(C) 6.9% (D) 7.4%

**(B)** हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वित वर्ष 2025-2026 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.6% रहने का अनुमान लगाया हैं। यह अनुमान वित वर्ष 2024-2025 की 6.5% वृद्धि और वित वर्ष 2025-2026 की पहली तिमाही में दर्ज 7.8% की मजबूत जीडीपी वृद्धि के बाद सामने आया है।



**6. हाल ही में वित वर्ष 2026 में भारत के निवेश चार्ट में सर्वोच्च स्थान किस राज्य को प्राप्त हुआ है ?**

(A) केरल (B) कर्नाटक

(C) आंध्रप्रदेश (D) तेलंगाना

**(C)** हाल ही में आंध्रप्रदेश चालू वित वर्ष में भारत का अग्रणी निवेश गंतव्य बनकर उभरा हैं। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, राज्य ने प्रस्तावित पूंजी निवेश में सबसे बड़ा हिस्सा आकर्षित किया है, जो निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता हैं। मजबूत सरकारी नीतियों, बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान ओर तेज मंजूरियों के चलते आंध्रप्रदेश पारंपरिक औद्योगिक राज्यो से आगे निकल गया है और भारत के विकास भूगोल में बदलाव का संकेत देता है।



**7. हाल ही में गृह मंत्रालय ने भारत की जनगणना किस वर्ष के पहले चरण की अधिसूचना जारी कर दी है ?**

(A) 2026 (B) 2027

(C) 2028 (D) 2029

**(B)** पहले चरण में 1 अप्रैल से 30 सितंबर 2025 के बीच सभी राज्यों ओर केंद्र शासित प्रदेशों में घर घर जाकर जनगणना की जाएगी। प्रत्येक राज्य ओर केंद्र शासित प्रदेश 30 दिनों की निर्धारित अवधि के लिए यह कार्य करेगा। इस प्रक्रिया में स्व गणना का प्रावधान शामिल किया गया हैं। स्व गणना 15 दिनों तक उपलब्ध रहेगी।



**8. हाल ही में किस राज्य का लिंग अनुपात 2025 में तेजी से बढ़कर 923 हो गया है?**

(A) हरियाणा (B) झारखंड

(C) कर्नाटक (D) पश्चिम बंगाल

**(A)** हाल ही में हरियाणा राज्य का जन्म के समय लिंगानुपात 2025 में बढ़कर 923 हो गया है जो पिछले पांच सालो में सबसे ज्यादा है और 2024 के 910 से 13 अंकों की बढ़ोतरी दर्शाता हैं। यह सुधार भ्रुण में लिंग जांच ओर अवैध गर्भपात के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा की गई सख्त कार्रवाइयों ओर बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान के सफल कार्यान्वयन का परिणाम है, जिससे लिंग समानता को बढ़ावा मिला है।




**9. हाल ही में किस देश ने अंगारा 1.2 लाइट लॉन्च व्हीकल से गुप्त सैन्य उपग्रहों का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया है ?**

(A) श्रीलंका (B) चीन

(C) रूस (D) अमेरिका

**(C)** हाल ही में रूस ने अंगारा 1.2 लाइट लॉन्च व्हीकल से गुप्त सैनिक उपकरणों का प्रक्षेपण किया। अंगारा 1.2 लॉन्च व्हीकल ने वास्तव में 21 अक्टूबर 2022 को प्लाइसेत्स्क कॉस्मोड्रोम से एक सैन्य उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया था, लैकिन यह अंगारा 1.2 लाइट के नाम से नही जाना जाता हैं।



**10. हाल ही में किस राज्य के CM ने नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादूर जी के नाम पर एक विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय स्थापित करने की घोषणा की है ?**

(A) हरियाणा (B) पंजाब

(C) बिहार (D) राजस्थान

**(B)** हाल ही में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आनंदपुर साहिब में नौंवे गुरु, श्री तेग बहादूर सिंह के नाम पर एक विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय स्थापित करने की घोषणा की है। श्री आनंदपुर साहिब में श्री गुरु तेग बहादूर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने यह बात कही।



Rise Education